

आर्चर टीम के अहम सदस्य हैं

# इंग्लैंड को आर्चर का समर्थन करने की जरूरतः स्टोक्स

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मैनचेस्टर। इंग्लैंड के हरफनमौला खिलाड़ी बेन स्टोक्स ने कहा कि टीम के साथी खिलाड़ियों को जैव सुरक्षित वातावरण के उल्लंघन करने के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच से बाहर हुए तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर का पूरा समर्थन करना चाहिए।इस 25 वर्षीय गेंदबाज ने पहले टेस्ट मैच के बाद ब्राइटन में अपने घर जाकर जैव सुरक्षित प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया जिसके कारण उन्हें दूसरे टेस्ट मैच से बाहर कर दिया गया। उन्हें पांच दिनों तक पृथकवास में रहना होगा और इस दौरान दो बार कोविड–19 जांच करनी होगी।स्टोक्स की 176 रन की पारी के दम पर इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में शुक्रवार को नौ विकेट पर 469 रन बनाकर को पारी घोषित की। उन्होंने दूसरे दिन के खेल के बाद कहा कि यह टीम का कर्तव्य है कि आर्चर इस मुश्किल समय में खुद को अकेले महसूस ना करें।स्टोक्स ने कहा, '' हमें अभी जोफ्रा का समर्थन करने की जरूरत है। अभी वह चर्चा में बना हुआ है और वह खुद मानता है कि जो भी हुआ उसका जिम्मेदार वह खुद है।' टीम के तौर पर हम उसके साथ सबसे बुरा ये करेंगे कि पांच दिनों के लिए अकेले छोड़ दें। ''नियमित कप्तान जो रूट की गैरमौजूदगी में पहले टीम में टीम की अगुआई करने वाले स्टोक्स ने कहा, '' जब सब कुछ अच्छा चल रहा होता है तो सब समर्थन करते है लेकिन यह ज्यादा मायने रखता है कि मुश्किल समय में जब किसी को जरूरत हो तो आप कैसा व्यवहार करते है।''इंग्लैंड के कोच क्रिस सिल्वरवुड ने भी रूट का समर्थन करते हुए कहा, '' आर्चर टीम के अहम सदस्य हैं।

# वनडे क्रिकेट से बाहर हुआ तो खुद को असुरक्षित महसूस करता था


क्रिकेट

## एक साल तक वनडे क्रिकेट में वापसी नहीं कर पाए थे राहुल द्रविड़

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट में भरोसे का दूसरा नाम राहुल द्रविड़ को ही माना जाता था। वनडे क्रिकेट हो या टेस्ट अपने दौर में वह राहुल द्रविड़ ही थे जो संकट में फंसी भारतीय टीम के संकटमोचक बनते थे। लेकिन राहुल द्रविड़ भी कभी खुद को क्रिकेट में असुरक्षित महसूस करते थे। हाल ही में राहुल द्रविड़ भारतीय महिला टीम के कोच और पूर्व क्रिकेटर`ट रमन के यूट्यूब चैनल इनसाइड आउट पर मुखातिब हुए तो इस दौरान इस महान बल्लेबाज ने अपने करियर के चौलेंजिंग दौर पर भी बात की।

इस कार्यक्रम में द्रविड़ ने बताया कि 1998 में उन्हें वनडे क्रिकेट से बाहर कर दिया गया था। द्रविड़ का वनडे फॉर्मेट में भी स्ट्राइक रेट धीमा था। इस कारण उन्हें टीम से बाहर किया गया। उन्होंने कहा,




मेरे इंटरनैशनल करियर में ऐसे भी कई मुकाम आए, जब मैं खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा था। 1998 में मुझे वनडे क्रिकेट से बाहर कर दिया गया था। मुझे अपनी वापसी के लिए संघर्ष करना पड़ा था। मैं तब एक साल तक भारतीय क्रिकेट से बाहर रहा था। तब निश्चितरूप के मेरे भीतर असुरक्षा की भावना आई थी। मैं सोचता था कि क्या वाकई मैं वनडे क्रिकेट खेलने लायक हूं भी या नहीं।

इस पूर्व बल्लेबाज ने कहा, मैं एक टेस्ट खिलाड़ी ही बनना चाहता था। मेरी कोचिंग टेस्ट खिलाड़ी वाली होती थी। तब हमें यही सिखाया जाता था कि गेंद पर ग्राउंड शॉट ही मारना है, उसे हवा में नहीं मारना। तब आपको चिंता होती है कि क्या आप इस फॉर्मेट (वनडे) में भी खुद को साबित कर पाएंगे।

इस पूर्व कप्तान ने कहा, जब हम युवा उम्र में क्रिकेट खेल रहे थे तब इस फील्ड में कॉम्पिटिशन भी बहुत था। तब भी असुरक्षा की भावना घर कर रही थी। क्योंकि भारत में एक युवा क्रिकेटर बनना आसान नहीं था। तब हमारे जमाने में सिर्फ रणजी ट्रोफी होती थी और भारतीय टीम थी। 24000 से ज्यादा इंटरनैशनल रन बनाने वाले इस बल्लेबाज ने कहा, तब आईपीएल नहीं था और रणजी ट्रोफी में भी जो पैसा मिलता था वह बहुत कम ही होता था। उन्होंने बताया, लेकिन मैं क्रिकेट में आगे बढ़ा और अगर यहां कामयाब नहीं हो पाता तो फिर कुछ और करने के लिए नहीं बचता। भारत के इस बल्लेबाज ने 164 टेस्ट और 344 वनडे इंटरनैशनल मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने क्रम से 13,288 और 10,889 रन बनाए हैं। बता दें 1998 के बाद जब द्रविड़ ने वनडे फॉर्मेट में फिर से वापसी की थी, तो उन्होंने अपनी जगह भारतीय टीम में एक भरोसेमंद बल्लेबाज के रूप में पक्की कर ली थी।

# आलू कहने पर भड़के थे इंजमाम उल हक, वकार यूनिस का खुलासा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत पाकिस्तान के एक मैच में इंजमाम उल हक एक फैन पर इसलिए भड़क गए थे क्योंकि फैन्स उन्हें आलू–आलू कहकर चिढ़ा रहे थे। अगर अब तक आप भी यही मानते थे कि इंजमाम आलू कहने की वजह से भड़के थे तो आप शायद गलत हैं। पूर्व पाकिस्तानी कप्तान वकार यूनिस ने बताया है कि इंजमाम आलू कहने की वजह से नहीं भड़के थे बल्कि वह उस फैन पर इसलिए भड़के थे क्योंकि वह भारतीय कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन की पत्नी को लेकर अश्लील कॉमेंट कर रहा था।

उन दिनों मोहम्मद अजहरुद्दीन टीम इंडिया के कप्तान थे। वकार



यूनिस ने उस लम्हे के बारे में बात करते हुए बताया, श्हां यह सही कि कुछ लोग उन्हें आलू–आलू कहकर बुला रहे थे। लेकिन उस भीड़ में एक व्यक्ति था जो अजहरूद्दीन की पत्नी पर अश्लील कॉमेंट्स कर रहा था।

मेरे ख्याल से वह फैन काफी बकवास बोल रहा था और फिर इंजमाम तो इंजमाम हैं, उन्हें यह बात बिल्कुल पसंद नहीं आई थी। वकार ने कहा, जैसा कि मैं पहले ही बता चुका हूं कि उन दिनों भारत–पाकिस्तान के खिलाड़ियों के बीच मैदान से बाहर अच्छी दोस्ती होती थी। इसी वजह से इंजी फैन्स से लड़ने पहुंच गए थे। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान वकार यूनिस एक पोडकास्ट कार्यक्रम में इस प्रकरण पर बात कर रहे थे। बता दें भारत और पाकिस्तान के बीच यह मैच टोरंटो में साल 1997 में खेला जा रहा था। इस दौरान एक भारतीय फैन इंजमाम उल हक पर फब्तियां कस रहा था, जिससे इंजमाम भड़क गए थे।

वकार ने बताया, इस दौरान पाकिस्तानी टीम फील्डिंग पर थी और जब वह फैन फब्तियां कस रहा था तो इंजमाम ने कैप्टन को बोलकर अपनी फील्ड पोजिशन चेंज कराई और फिर टीम के 12वें खिलाड़ी से बैट बाहर मंगवाया।

## ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों में शोक की लहर, टीम के पूर्व कप्तान का हुआ निधन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलियाई टीम के पूर्व कप्तान और विकेटकीपर बल्लेबाज बैरी जर्मन (ठंटतल श्रंतउंद) का निधन हो गया है। 84 साल की उम्र में बीमारी के चलते बैरी जर्मन की मौत हो गई है, जिससे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों में शोक की लहर है। बैरी जर्मन ने ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए 10 साल में कुल 19 टेस्ट मैच खेले थे। हालांकि, फर्स्ट क्लास क्रिकेटर के तौर पर उनका काफी लंबा अनुभव रहा था। 13 साल तक घरेलू क्रिकेट खेलने वाले बैरी जर्मन ने साउथ ऑस्ट्रेलिया के लिए 191 फर्स्ट क्लास मैच खेले थे। वहीं, 1959 से लेकर 1969 तक उन्होंने अपनी देश की टीम का प्रतिनिधित्व किया था। इस दौरान वे टीम के कप्तान भी कुछ मैचों में रहे थे, जिसमें एक एशेज सीरीज शामिल है।

कानपुर में भारत के खिलाफ बैरी जर्मन ने दिसंबर 1959 में टेस्ट डेब्यू किया था। इस मैच के तीन साल बाद उन्होंने अपना दूसरा टेस्ट खेला था। 8 साल तक वे टीम से अंदर–बाहर होते रहे थे, लेकिन फर्स्ट क्लास क्रिकेट में दमदार प्रदर्शन के दम पर उन्होंने 1967–68 के सीजन में कंगारू टीम के लिए लगातार क्रिकेट खेली थी।

## न्यूज डायरी



## एक दिन की जल्दबाजी से बीसीसीआई पर लगा 4800 करोड़ का जुर्माना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) को एक बड़ा झटका लगा है। इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) की शुरुआती आठ टीमों में से एक रही डेक्कन चार्जर्स को गलत तरीके से हटाने के एवज में बीसीसीआइ को 4800 करोड़ रुपये का जुर्माना चुकाना होगा। बांबे हाई कोर्ट ने लंबे समय से चले आ रहे इस विवाद का फैसला शुक्रवार को डेक्कन चार्जर्स फ्रैंचाइजी के पक्ष में सुनाया। हालांकि, बीसीसीआइ इस फैसले के खिलाफ अपील कर सकती है। डेक्कन चार्जर्स को हटाने के मामले में बांबे हाई कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के रिटायर जज सीके ठक्कर को आठ साल पहले आर्बिट्रार नियुक्त किया था। शुक्रवार को आर्बिट्रार ने अपना फैसला डेक्कन क्रोनिकल्स होल्डिंग्स लिमिटेड (डीसीएचएल) के पक्ष में दिया। आर्बिट्रेटर ने बीसीसीआइ पर 4800 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। हालांकि, डीसीएचएल ने 6046 करोड़ रुपये के जुर्माने और ब्याज का दावा किया था।

## सोशल मीडिया पर नए लुक में नजर आए एमएस धोनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह दौनी देश के सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले क्रिकेटरों में से एक होने के बावजूद सोशल मीडिया पर लो प्रोफाइल रहते हैं। ऐसे समय में जब देश में क्रिकेट समेत बाकी खेल पूरी तरह से बंद हैं, तो धौनी के प्रशंसक अपने पसंदीदा खिलाड़ी की झलक पाने के लिए तरस रहे हैं। यहां तक कि सोशल मीडिया उनकी एक–एक तस्वीर वायरल हो जाती है। एमएस धौनी को उनके फैंस से सोशल मीडिया पर मिल रहे इस प्यार का कारण ये भी है कि वे हर बार नए लुक में नजर आते हैं। नया लुक ही नहीं, बल्कि कभी बाइक, कभी कार तो कभी ट्रैक्टर चलाते हुए दिखाई देते हैं। इस बार उनकी कप्तानी वाली आइपीएल फ्रैंचाइजी चेन्नई सुपर किंग्स ने एक वीडियो अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर शेयर किया है, जिसमें धौनी काली दाढ़ी के साथ दिखाई पड़ रहे हैं।

## पहले यूएई में आईपीएल 2020 की तैयारी में जुटीं फ्रेंचाइजी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) इंडियन प्रीमियर लीग के 13 वें सीजन की घोषणा से पहले टी20 विश्व कप 2020 के भाग्य पर आधिकारिक निर्णय लेने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) की प्रतीक्षा में है, लेकिन आइपीएल फ्रेंचाइजियों ने इससे पहले ही इस साल के आइपीएल की तैयारियां शुरू कर दी हैं। फ्रेंचाइजी यूएई में लीग खेलने की तैयारी में व्यस्त हैं। समाचार एजेंसी आइएएनएस से बात करते हुए एक फ्रेंचाइजी अधिकारी ने कहा कि उन्होंने लॉजिस्टिक्स की तैयारी शुरू कर दी है और होटल अबू धाबी में देख रहे हैं, क्योंकि वे वास्तव में लीग के 13 वें संस्करण के लिए प्रशिक्षण और तैयारी कैसे करेंगे, इस बात को भी पक्का करना चाहते हैं। हालांकि, आइपीएल के यूएई में होने की अभी अटकलें हैं। बीसीसीआइ ने अभी इस पर आधिकारिक निर्णय नहीं लिया है।

## भारतीय महिला टीम की विराट कोहली हैं स्मृति मंधाना, जमकर करती है पिटाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय महिला टीम की विराट कोहली कही जाने वालीं स्मृति मंधाना आज अपना 24वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं। दुनिया भर की गेंदबाजों की छक्के छुड़ाने वालीं स्मृति मंधाना अपने आक्रमक रवैये के लिए जानी जाती हैं। इतना ही नहीं, एक घरेलू वनडे मैच में उन्होंने शतक भी ठोक दिया था। इसके बाद से उनका नाम पूरे देश में फेमस हो गया और फिर भारतीय टीम के लिए खेलते हुए उन्होंने विश्व स्तर पर अपनी छाप छोड़ी है। 18 जुलाई 1996 को मुंबई में जन्मीं स्मृति मंधाना ने अक्टूबर 2013 में गुजरात के खिलाफ महाराष्ट्र की टीम के लिए खेलते हुए वनडे मैच में दोहरा शतक जड़ा था। महज 150 गेंदों में स्मृति मंधाना ने तूफानी 224 रन बनाए थे। दोहरे शतक की इस नाबाद पारी को उन्होंने वेस्ट जोन अंडर 19 टूर्नामेंट में खेला था। मंधाना के लिए साल 2018 काफी अच्छा रहा था। उस साल बीसीसीआइ के बाद आइसीसी ने भी उनको बेस्ट वुमेन प्लेयर ऑफ द ईयर चुना था।